e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (जमुई)– 84 / 2020 ..2656.. **पटना, दिनांक** : 06-09-2021

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक–315 दिनांक 09.07.2021 के द्वारा **मो0 अकबर अली,** विशेष सर्वेक्षण अमीन (ID No.-AEN02533) के द्वारा अस्वस्थता तथा असंतोषजनक का आरोप लगाते हुए संविदा अनुबंध रद्द करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त संसूचित अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक–2294 दिनांक 10.08.2021 द्वारा मो0 अकबर अली, विशेष सर्वेक्षण अमीन, अंचल बरहट शिविर संख्या–01 से अनुबंध रद्द करने के विरूद्ध एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। मो0 अली के द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित तिथि एवं समय पर समर्पित किया गया है।

इन्होंने अपने स्पष्टीकरण में अस्वस्थ होने जाने के कारण दिनांक 24.02.2021 से डा0 उदद्यन् नारायण (एम0डी0), पटना के ईलाज में हैं, जिसकी सूचना वाटसएप के माध्यम से बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई को प्रेषित किया गया है। अस्वस्थता को देखते हुए अनुरोध किये हैं कि मेरा स्थानान्तरण जिला अरवल के अंचल कुर्था में किया जाय।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि इन्हें अंचल बरहट शिविर संख्या–01 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम–नरसौता, थाना नं0– 18 एवं मोहनपुर, थाना नं0–15 के विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किया गया। शिविर प्रभारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि इनके द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा आवेदन में दिनांक 01.03.2021 से दिनांक 31.03.2021 तक अवकाश में रहने की सूचना दी गई। तत्पश्चात् दिनांक 01.04.2021 से दिनांक 10.06.2021 तक बिना कोई सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। पुनः इनके द्वारा दिनांक 05.07.2021 का एक आवेदन वाटसएप के जरिए भेजा गया है, कि इन्हें 02 माह की छुट्टी और दी जाय। इस प्रकार ये मार्च–2021 से लगातार अनुपस्थित हैं।

इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कोई नया तथ्य नहीं रखा गया है। अतः इनके अस्वस्थता तथा असंतोषजनक सेवा के कारण तथा कार्यवाधित होने के दृष्टिगत रखते हुए इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली– 2019''** के नियम 8(4) के तहत **मो0 अकबर अली,** विशेष सर्वेक्षण अमीन (ID No.-AEN02533) का संविदा अनुबंध समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह)
निदेशक 2/9/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (जमुई)– 84 / 2020 ..2656.. **पटना, दिनांक** : 06-09-2021

प्रतिलिपि : मो0 अकबर अली, विशेष सर्वेक्षण अमीन (ID No.-AEN02533) बन्दोबस्त कार्यालय, जमुई, E-mail : aliakbar36291@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (जमुई)– 84 / 2020 ..2656.. **पटना, दिनांक** : 06-09-2021

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2021\Amit Sir\Order\84-2020-Jamui-01-09-2021.doc

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (जमुई)– 84 / 2020 ...2656. **पटना, दिनांक** :06-09-2021

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक– 315 / बन्दो0 दिनांक 09.07.2021 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0 (जमुई)– 84 / 2020 2656. **पटना, दिनांक** :06-09-2021

प्रतिलिपि : प्रभारी आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं निदेशालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
2/9/21